# गांजा के साथ दबोचे गए तस्करी के पांच आरोपित

**जासं ● श्रावस्ती:** गिलौला व श्रावस्ती पुलिस टीम ने गिलौला बाईपास नहर पुल व परशुरामपुर मोड़ के पास से चारपहिया वाहन समेत गांजा तस्करी के पांच आरोपितों को दबोच लिया। इसके पास से 10 किलोग्राम गांजा व दो चारपहिया वाहन समेत अन्य सामान बरामद हुआ है।

एसपी राहुल भाटी ने बताया कि बुधवार रात गिलौला थानाध्यक्ष आशीष टीम क्षेत्र भ्रमण पर थे। मैक्स वाहन से दो लोगों के इकौना की ओर से बहराइच की ओर गांजा लेकर जाने की सूचना मिली। टीम ने खुटेहना मोड़ पर वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। चालक वाहन लेकर भागने लगा। टीम ने पीछा कर गिलौला बाईपास नहर पुल के पास वाहन को रोक लिया। पूछताछ में वाहन में बैठे व्यक्तियों ने गांजा रखा होना स्वीकार किया। इकौना सीओ आलोक कुमार ने तलाशी करवाई। वाहन से पांच किलोग्राम गांजा मिला। वाहन में बैठे बहराइच जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र के धनकुट्टीपुरा निवासी बाबू गुप्ता व गिलौला के लोधनपुरवा निवासी रामसुहावन उर्फ ननकेश को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि कटरा निवासी सोमनाथ से वाट्सएप काल से संपर्क कर गांजा लेते थे। सोमनाथ की तलाश में इकौना पुलिस टीम कटरा बाजार स्थित उनके आवास पर पहुंची, यहां वह नहीं मिला। स्थानीय लोगों से जानकारी लेकर टीम उसके दूसरे आवास वीरपुर की ओर रवाना हुई। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि बोलेरो नियो वाहन से गांजे की खेप ले जाई जा रही है। परशुरामपुर मोड़ के पास घेराबंदी कर वाहन को रोका। तलाशी में पांच किलो 750 ग्राम गांजा, 107 मिट्टी की चिलम, एक पैकेट मोमबत्ती, तीन डिब्बे रोलिंग पेपर (कोगो), दो पैकेट पैकिंग पन्नी समेत अन्य सामान बरामद हुए। वाहन में मौजूद नवीन मार्डन श्रावस्ती क्षेत्र के कटरा बाजार निवासी आरोपित सोमनाथ, ककरा रोड वीरपुर निवासी गंगाराम तिवारी व छेदीलाल को दबोच लिया। आरोपित सोमनाथ पर बहराइच के विशेश्वरगंज थाने में पहले से एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।



<< गिलौला थाने में पुलिस हिरासत में गांजा तस्कर●जागरण

- **गिलौला व नवीन मार्डन श्रावस्ती टीम ने क्षेत्र भ्रमण में की कार्रवाई**
- **107 मिट्टी की चिलम, मोमबत्ती, रोलिंग पेपर, दो पैकेट पैकिंग पन्नी और दो वाहन बरामद**